# निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

विषय - यातायात जागरुकता

नाम -  कक्षा -

अनुक्रमांक - 39

प्रस्तावना - हमारे देश भारत मे यातायात से सम्बंधित सभी नियमो का पालन कराने के लिए अनेक प्रयास किया जा रहा है यातायात आज के समय मे बहुत उपयोगी है। वाहनो को चलाने के लिए हमे जागरुक होना आवश्यक है। यातायात का प्रयोग सभी लोग करते है। लेकिन उसका पालन करना नही जानते यातायात जागरुकता के द्वारा सभी लोगो को जागरुक किया जा रहा है।

आधुनिक युग मे यातायात जागरुकता - आधुनिक युग मे हमारे भारत मे यातायात जागरुकता का पालन कराया जा रहा है। यातायात जागरुकता का अर्थ है। सभी लोगो को यातायात के बारे मे जानना। सभी लोगो को यातायात जागरुक होना आवश्यक है। क्योकि हम यातायात जागरुक नही होंगे तो हमारा ही हानि होगा यातायात जागरुक हो सभी नियमो का पालन करे यातायात का सही दिशा मे प्रयोग करे उसके लाभ और हानि दोनो को समझ कर उसका उचित प्रयोग करना चाहिए। आधुनिक युग मे जो जानकार नही है। उसके साथ अधिक समस्याएँ उत्पन्न होती है। यातायात का प्रयोग सही तरिके से न करने के कारण बहुत से लोगो की मृत्यु हो जा रही है। लोग आवश्यकता से अधिक तेज वाहन चलाते है उनका का नुकसान होता है। साथ मे दूसरे को भी नुकसान कर देते है। जिससे लोग लगड़े अथवा दिव्यांग हो जा रहे है। और लोग ~~बेहद~~ बेघर हो जा रहे है। इस लिये सभी

Scanned By Scanner Go

सभी को यातायात जागरूक होना आवश्यक है। यातायात जागरूकता के नियम - यातायात जागरूकता के नियम का पालन करने से लोगो को कम हानि होती है। यातायात जागरूकता के अनेक नियम है जैसे वाहन पर बैठ कर तथा सीट बेल्ट लगा कर तथा हेलमेट पहन कर वाहन चलाये। वाहन को चलाते समय मोबाइल फोन या ब्लूटुथ का प्रयोग न करे। यातायात को चलाने से पहले उसके ब्रेक को चेक कर ले। शराब पीकर वाहन न चलाये तथा धुम्रपान करते समय वाहन न चलाये। वाहन को आवश्यकता से अधिक स्पीड मे न चलाये। सड़क के किनारे लगे यातायात जागरूकता के बोर्ड को देख कर वाहन चलाये। वाहन का सही उपयोग करे। हमेशा बायीं ओर से वाहन चलाये। वाहन को चलाते समय लाल बत्ती देख कर रुक जायें तथा पीली बत्ती देखकर इन्तजार करे और हरी बत्ती देखकर आगे बढ़े। वाहन को हमेशा एक ही तरफ चलाना चाहिए। वाहन लेकर या पैदल सड़क पर चढ़ने से पहले सड़क के दोनो तरफ देखकर ही सड़क पर चढ़ना चाहिए। विद्यार्थी बच्चे सही बस कर ही उस पर चढने से पहले दोनो तरफ देखे तथा उस पर से उतरने से पहले दोनो तरफ देखकर ही सड़क को पार करे। हमेशा जेब्रा क्रासिंग मे से ही सड़क को पार करे। वाहन चालक को हाथ दिखा कर उससे रोक कर आगे बढे वाहन को चलाते समय इशारा

Scanned By Scanner Go

न करे। वाहन का सही प्रयोग करने से ही उसका उचित लाभ होता है।
यातायात जागरूकता से लाभ – यातायात से लोग जागरूक होने पर उसका सही उपयोग कर पाते हैं। यातायात जागरूकता से दुर्घटना कम होती है। यातायात से लोगो के समय की बचत होती है। यातायात आज हमारे जीवन को बेहतर से बेहतर बना देता है। यदि हम उसका उचित प्रयोग करे तो हमे कभी भी हानि न करनी पड़े यातायात से चलने से हमे अधिक समय की बचत होती है। जहाँ जाने मे हमे दो, तीन घंटे लगते हैं। वहाँ पर हम एक, डेढ़ घंटे मे पहुँच जाते हैं। हेलीकाप्टर या हवाई जहाज से जाने मे और अधिक समय की बचत होती है। वाहन हमें चलने मे अधिक आराम दायक होते हैं।
यातायात जागरूक न होने से हानि –
यातायात जागरूक न होने पर लोग फोन का प्रयोग वाहन को चलाते समय ही करते है। अपने वाहन को सही तरीके से प्रयोग नही करते जिससे उन लोगों को अधिक हानि का सामना करना पड़ता है। आज कल लोग वाहन अधिक स्पीड से चलाते है जिससे दुर्घटना हो रही है। जिसमें लोगों की मृत्यु भी हो जा रही है लोग दिव्यांग हो जाते हैं। वाहन को जागरूक न होकर चलाने वाले लोग अपने वाहन की सिर्विसिंग नही करते और कही भी उससे दुर्घटना हो जाती हैं।

Scanned By Scanner Go

यातामात जगारूकता के नियम का पालन करे
यातापात यागरूक करें और अधिक दुर्घटना
को कम रोके जान कार बने और सही
यातायात का सही प्रयोग करे।

Scanned By Scanner Go